# 2024

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र के छः खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।*

*(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।*

*(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।*

### खण्ड - 'क'

### (वाचन - 10 अंक)

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **1** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **2** का उत्तर लगभग **25** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **3** से **7** तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए।

नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

समय का सदुपयोग करने वाला व्यक्ति ही जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है क्योंकि ऐसा व्यक्ति सभी काम उचित समय पर करता है। वास्तव में उचित समय पर उचित कार्य न करने से पछताने के सिवा, कुछ भी हाथ नहीं लगता। जेम्स वाट ने बीस वर्ष तक निरन्तर परिश्रम करके रेल के इंजन का आविष्कार किया था। समय का सदुपयोग तभी संभव है जब इसकी आदत डाल ली जाए। अत: प्रत्येक क्षण को मूल्यवान समझकर उसका सदुपयोग करना चाहिए।

1. जेम्स वाट का नाम विश्व में क्यों प्रसिद्ध है? 3

2. कौन-सा व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है? 2

3. समय का सदुपयोग कब संभव है? 1

4. 'परिश्रम' शब्द का एक समानार्थक शब्द लिखिए। 1

5. 'सदुपयोग' शब्द का सन्धि-विच्छेद कीजिए। 1

6. 'सफलता' शब्द का विपरीतार्थक शब्द लिखिए। 1

7. उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड - 'ख'

### (लेखन - 15 अंक)

8. नीचे लिखे विषयों में से किसी एक पर लगभग **160** शब्दों में निबन्ध लिखिए : 8

   (क) समाचार-पत्र

   (ख) विज्ञान के लाभ

9. मान लीजिए कि आप एक समाचार-पत्र के रिपोर्टर हैं। आप जानते हैं कि आजकल मणिपुर के पहाड़ों से निरन्तर पेड़-पौधे काटे जा रहे हैं जिसके फलस्वरूप चारों तरफ वायु-प्रदूषण फैल रहा है। अत: वन विनाश रोकने के लिए आप अपने समाचार-पत्र के सम्पादक के नाम एक पत्र लिखिए। 7

## खण्ड - 'ग'

### (व्याकरण - 15 अंक)

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **10** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **11, 12 और 13** के उत्तर लगभग **25-25** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **14** से **19** तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए।

10. मुहावरा किसे कहते हैं? मुहावरे और लोकोक्ति का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 1+2=3

11. वाक्य किसे कहते हैं और कितने प्रकार का होता है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

12. उपसर्ग और प्रत्यय का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

13. क्रिया और विशेषण से बनी भाववाचक संज्ञा का एक-एक उदाहरण लिखिए। 2

14. 'नि' उपसर्ग से बना एक शब्द लिखिए। 1

15. 'पन' प्रत्यय से बना एक शब्द लिखिए। 1

16. 'आकाश से बातें करना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

17. 'कमर सीधी करना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

18. 'आसमान से गिरा, खजूर में अटका' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

19. 'लोमड़ी को अंगूर खट्टे' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

## खण्ड - 'घ'

### (पद्य - 8+12=20 अंक)

20. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

   (क) वेदने, तू भी भली बनी,
   पाई मैं ने आज तुझी में अपनी चाह घनी।
   नई किरण छोड़ी है तूने, तू वह हीर-कनी।
   सजग रहूँ मैं, साल हृदय में, ओ प्रिय-विशिख-अनी।

अथवा

(ख) देखते देखा, मुझे तो एक बार
उस भवन की ओर देखा, छिन्न-तार,
देखकर कोई नहीं
देखा मुझे उस दृष्टि से,
जो मार खा रोई नहीं।

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **21** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **22** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **23** और **24** के उत्तर लगभग **25-25** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **25** और **26** के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या **27** का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

21. सतगुर साँचा सूरिवाँ, तातैं लोहिं लुहार।
कसणी दे कंचन किया, ताइ लिया ततसार।।
– कबीरदास की उपर्युक्त साखी का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए। 4

22. 'ताज' कविता में चित्रित बदलते समाज का चित्रण कीजिए। 3

23. 'यश की खोज' कविता से हमें क्या सन्देश मिलता है? 2

24. बलराम भैया कृष्ण को क्या-क्या कहकर खिझाता है? 2

25. कबीरदास के अनुसार गुरु की महिमा स्पष्ट कीजिए। 1

26. 'ठुमक-ठुमक धरनी पर रेंगत, जननिहिं खेल दिखावै।'
– सूरदास की उपर्युक्त पंक्ति का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए। 1

27. 'घर' शीर्षक कविता के कवि का नाम क्या है? 1

(क) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (ख) वीरेन्द्र कुमार भट्टाचार्ज

(ग) हिजम अङाङहल सिंह (घ) सुमित्रानन्दन पंत

## खण्ड - 'ङ'

## (गद्य - 25 अंक)

28. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) औरत की बेइज्जती औरत की बेइज्जती है, वह हिन्दू या मुसलमान की नहीं, वह इन्सान की माँ की बेइज्जती है।

अथवा

(ख) हिन्दी हार गई, अंग्रेजी से नहीं, हिन्दुस्तानी से नहीं, उर्दू से भी नहीं, वह हार गई राष्ट्रभाषा हिन्दी से।

29. 'बदला' कहानी अथवा 'साहित्य की महत्ता' निबन्ध का सारांश लगभग **160** शब्दों में लिखिए। 8

निर्देश : प्रश्न-संख्या **30** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **31** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **32** का उत्तर लगभग **25** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **33** और **34** के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

30. 'मेरा बचपन' पाठ के आधार पर लेखक के गाँव में मनाई गई होली का वर्णन कीजिए। 4

31. यौन-संक्रमित रोग को रोकने के उपाय क्या-क्या है? 3

32. नशीली दवाओं का दुरुपयोग किन रूपों में होता है? 2

33. 'स्वाधीनता के पूर्व चरखा, सत्याग्रह और हिन्दी तीनों का गठबन्धन था।'
- उपर्युक्त वाक्य कौन-से पाठ से उद्धृत किया गया है? 1

(क) मेरा बचपन (ख) किशोरावस्था शिक्षा

(ग) साहित्य की महत्वा (घ) आज तो हिन्दी अपनों ही से हारी है

34. 'किशोरावस्था शिक्षा' शीर्षक निबन्ध के लेखक का नाम क्या है? 1

(क) विद्यानिवास मिश्र (ख) राजेन्द्र प्रसाद

(ग) इबोहल सिंह काङ्जम (घ) महावीर प्रसाद द्विवेदी

## खण्ड - 'च'

### (पूरक पाठ्य पुस्तक - 15 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या **35** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **36** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **37** और **38** के उत्तर लगभग **25-25** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **39, 40** और **41** के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या **42** का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

35. मणिपुर में खेल की प्रगति को बढ़ाने के लिए क्लब और संस्थान क्या-क्या करते हैं? 4

36. लमही गाँव में सब से पढ़ा-लिखा वर्ग कौन-सा है? इस वर्ग के लोग क्या-क्या व्यवसाय करते हैं? 1+2=3

37. लाला टीकाराम के कितने बेटे थे और वे कौन-कौन थे? 2

38. मैथिलीशरण गुप्त के मतानुसार हमें कैसा प्रेम करना चाहिए? 2

39. मणिपुर किन-किन बातों के लिए प्रसिद्ध है? 1

40. मणिपुर के प्रमुख प्राचीन खेल क्या-क्या हैं? 1

41. 'काङ्द्रुम' कौन-सी चीज से बनता है? 1

42. प्रेमचन्द का जन्म कब हुआ? 1

(क) मार्च 31, 1878 में (ख) जुलाई 31, 1880 में

(ग) अगस्त 31, 1881 में (घ) अक्टूबर 31, 1882 में

---